*** निर्देशानुसार ' विशेषण ' पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों में से उचित विकल्प चयन कर लिखिए :** [4]

1. मैं तो छोटा-सा बालक हूँ।

   **जवाब :** छोटा-सा

2. मेरी बाँहि छोटी हैं।

   **जवाब :** छोटी

3. माता तुम मन की बहुत भोली हो।

   **जवाब :** बहुत भोली

4. इन्होंने मक्बन हठपूर्वक मेरे मुख पर लगा दिया।

   **जवाब :** हठपूर्वक

*** पर्यायवाची** [5]

5. गाय = ____________

   **जवाब :** गौ, गैया, गक, धेनु, सुरभी, पयस्विनी आदि।

6. माँ = ____________

   **जवाब :** माता, मातु, जननी, पितामही।

7. सखा = ____________

   **जवाब :** साथी, सहलयोगी, मित्र, संगी।

8. संदेह = ____________

   **जवाब :** संशय, शंका , अविश्वास, अनिश्चितता।

9. मुख = ____________

   **जवाब :** मुँह, शक्ल, चेहरा, मुखड़ा, मुखमंडल, आनन आदि।

*** शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:** [4]

10. छोटा× ____________

    **जवाब :** बड़ा

11. पराया× ____________

    **जवाब :** अपना

12. बैर× ____________

    **जवाब :** प्रीति

13. हँसना× ____________

    **जवाब :** रोना

* MCQ [14]

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

14. श्रीकृष्ण ने माता यशोदा से क्या कहा?

(A) मैंने ही माखन खाया था।

(B) मैंने माखन नहीं खाया।

(C) मुझे बहुत देर हो गई थी।

(D) ग्वाल-सखाओं ने माखंन खाया था।

**जवाब :** (B) मैंने माखन नहीं खाया।

15. भोर होते ही माता यशोदा श्रीकृष्ण को कहाँ भेज देती थीं?

(A) नंदगाँव (B) नदी के किनारे (C) अवध (D) मधुबन

**जवाब :** (D) मधुबन

16. श्रीकृष्ण चार पहर कहाँ भटकते रहे?

(A) हरिद्वार (B) वृंदावन (C) बंसीवट (D) मथुरा

**जवाब :** (C) बंसीवट

17. श्रीकृष्ण ने माँ यशोदा को भोली कहा, क्योंकि

(A) वे सहजता से सबकी बातों में आ जाती थीं।

(B) वे किसी की बात नहीं मानती थीं।

(C) वे श्रीकृष्ण को डाँटती थीं।

(D) उपर्युक्त सभी

**जवाब:** (A) वे सहजता से सबकी बातों में आ जाती थीं।

18. श्रीकृष्ण ने अपने बाल-ग्वाल सखाओं के बारे में क्या कहा?

(A) बाल-ग्वाल श्रीकृष्ण से बहुत प्रेम करते हैं।

(B) बाल-ग्वाल श्रीकृष्ण से बैर करते हैं।

(C) बाल-ग्वाल श्रीकृष्ण की मदद करते हैं।

(D) बाल-ग्वाल हमेशा श्रीकृष्ण के साथ खेलते हैं।

**जवाब :** (B) बाल-ग्वाल श्रीकृष्ण से बैर करते हैं।

19. श्रीकृष्ण को दोषी कौन सिद्ध करना चाहता है?

(A) पड़ोसी (B) बाल-ग्वाल (सखा) (C) दासी (D) पालतू जानवर

**जवाब :** (B) बाल-ग्वाल (सखा)

20. श्रीकृष्ण ने अपनी माँ को क्या वापस लौटाने की बात कहीं?

(A) मक्खन (B) लाठी और कंबल (C) बंसी (D) गायें

**जवाब :** (B) लाठी और कंबल

21. श्रीकृष्ण ने माँ यशोदा से क्या करने के लिए मना कर दिया?

(A) अब वे घर नहीं लौटेंगे।

(B) अब वे पढ़ाई नहीं करेंगे।

(C) अब वे मक्खन नहीं खाएँगे।

(D) अब वें गाय चराने नहीं जाएँगे।

**जवाब :** (D) अब वें गाय चराने नहीं जाएँगे।

22. जब श्रीकृष्ण ने माता यशोदा को तर्क दिए, तो उनकी प्रतिक्रिया क्या थी?

(A) माता यशोदा गुस्सा हो गई।

(B) माता यशोदा चुप हो गई।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(C) माता यशोदा मुस्काई और श्रीकृष्ण को गले लगा लिया।

(D) माता यशोदा और भी अधिक नाराज हो गई।

**जवाब :** (C) माता यशोदा मुस्काई और श्रीकृष्ण को गले लगा लिया।

23. 'टिकट-अलबम' पाठ के लेखक कौन हैं?

(A) सुंदरा रामस्वामी (B) भगवत शरण उपाध्याय (C) जया विवेक (D) अनुबंधोपाध्याय

**जवाब:** (A) सुंदरा रामस्वामी

24. नागराजन को अलबम किसने भिजवाया था?

(A) उसके ताऊ ने (B) उसके चाचा ने (C) उसके मामा जी ने (D) उसके दादा जी ने

**जवाब :** (C) उसके मामा जी ने

25. नागराजन को लड़के क्यों घेरे रहते थे?

(A) वह अच्छे-अच्छे चुटकुले सुनाता था।

(B) उसके पास सुंदर खिलौने थे।

(C) उसके पास काफ़ी मिठाई थी।

(D) उसके पास टिकट-अलबम था।

**जवाब :** (D) उसके पास टिकट-अलबम था।

26. नागराजन के मामा कहाँ रहते थे?

(A) सिंगापुर (B) त्रिवेंद्रम (C) तिरुचिरा पल्ली (D) चेन्नई

**जवाब:** (A) सिंगापुर

27. नागराजन का अलबम किसने चुराया?

(A) पार्वती ने (B) उसके मित्र ने (C) राजप्पा ने (D) किसी पड़ोसी ने।

**जवाब :** (C) राजप्पा ने

*** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए** [5]

28. भोर भयो गैयन के पाछे ______________ मोहि पठायो।

**जवाब :** मधुबन

29. में बालक ______________ को छोटो।

**जवाब :** बहियन

30. ग्वाल-बाल सब ______________ परे हैं।

**जवाब :** बैर

31. तू माता मन की अति ______________ ।

**जवाब :** भोरी

32. ये ले अपनी ______________ कमरिया, बहुतहिं नाच नचायो।

**जवाब :** लकुटि

*** नीचे दिए गए कथनों में से सत्य या असत्य कथन की पहचान कीजिए।** [5]

33. श्रीकृष्ण ने माखन चोरी करने के आरोप को स्वीकार किया।

**जवाब :** असत्व

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

34. श्रीकृष्ण ने दिन का अधिकांश समय बंसीवट में बिताया।

**जवाब :** सत्य

35. ग्वाल-बालों ने श्रीकृष्ण के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार किया।

**जवाब :** असत्य

36. सुबह होते ही श्रीकृष्ण को मधुबन भेजा गया।

**जवाब :** सत्य

37. श्रीकृष्ण ने कहा कि वे इतने छोटे हैं कि छीके तक नहीं पहुँच सकते।

**जवाब :** सत्य

*** काव्य पंक्ति समजाये :** [6]

38. दिए गए काव्यांश में श्रीकृष्ण माँ यशोदा से क्या कहना चाहते हैं?
मैया मैं नहिं माखन खायो ।
भोर भयो गैयन के पाछे, मधुबन मोहि पठायो ।
चार पहर बंसीवट भटक्यो, साँझ परे घर आयो ।
मैं बालक बहियन को छोटो, छीको केहि बिधि पायो ।
ग्वाल-बाल सब बैर परे हैं, बरबस मुख लपटायो ।।
उपर्युक्त काव्य पंक्तियों में श्रीकृष्ण क्या और कैसी अपनी निर्दोषता (सफ़ाई) के बारे में माता यशोदा से कहते हैं?

**जवाब :** श्रीकृष्ण पर माखन खाने का दोष लगने पर अपनी माता यशोदा से कहते हैं कि मैं तो सुबह – सुबह ही गायों को लेकर मधुबन में चला जाता हूँ। सुबह से शाम तक तो मैं गाय चराता हूँ। शाम होते ही मैं घर आता हूँ। मैं छोटा बालक हूँ, छीको (दूध-दही रखने का बर्तन) तक मैं कैसे पहुँच सकता हूँ। सभी ग्वाले बच्चे मेरे दुश्मन हैं। वो मेरे मुँह पर जबरदस्ती दही लगा देते हैं।

39. दिए गए काव्यांश में श्रीकृष्ण माँ यशोदा से क्या कहना चाहते हैं?
तू माता मन की अति भोरी, इनके कहे पतियायो । जिय तेरे कछु भेद उपज हैं, जानि परायो जायो ।
ये ले अपनी लकुटि कमरिया, बहुतहिं नाच नचायो ।
सूरदास तब बिहस जसोदा, लै उर कंठ लगायो।।

**जवाब :** श्रीकृष्ण माता यशोदा से कहते हैं कि हे माता आप बहुत ही भोली-भाली हो तभी तो इन ग्वाल-बालों की बात मान लेती हो। आप अपनी लाठी और कंबल ले लो इन्होंने मुझे बहुत ही परेशान कर रखा है। माँ यशोदा कृष्ण की बातों पर हँस पड़ती है और उन्हें गले लगा लेती हैं।

*** प्रश्नों के उत्तर सक्षिप्त रूप में लिखो** (3 Mark) [3]

40. क्या कभी ऐसा हुआ हो कि माँ के मना करने के बाद भी घर में उपलब्ध किसी स्वादिष्ट वस्तु को आपने चुपके-चुपके थोड़ा बहुत खा लिया हो और चोरी पकड़े जाने पर कोई बहाना बनाया हो। आप अपनी आप बीती अपने शब्दों में लिखें।

**जवाब :** मुझे चॉकलेट खाना बहुत पसंद है। मेरे बड़े भाई का जन्मदिन था। जन्मदिन की तैयारी के लिए सामान बनाया जा रहा था। माँ ने फ्रिज में दूध रखने के लिए मुझसे कहा, पर यह भी कह दिया कि उसमें रखी चॉकलेट हम सभी शाम को खाएँगे। यह जन्मदिन के अवसर पर सभी को दिए जाएँगे। मैं उस समय तो फ्रिज में दूध रखकर आ गया, पर मेरा सारा ध्यान उन्हीं चॉकलेटों में लगा था। दोपहर में माँ की आँख लग गई और मुझे मौका मिला और मैंने फ्रिज से तीन चॉकलेट निकालकर खा ली।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

चॉकलेट का कागज मैंने बाहर फेंक दिया। पता नहीं कैसे चॉकलेट के कागज़ का एक टुकड़ा मेरी पैंट में रह गया। शाम को जब माँ ने फ्रिज से चॉकलेट निकाली तो उसमें से तीन चॉकलेट कम मिली। उन्होंने सबसे पहले मेरी जेब टटोली उनके हाथ में वह कागज़ आ गया और मेरी चोरी पकड़ी गई। मैंने माँ से कहा कि यह तो कल की खाई चॉकलेट का कागज़ है, परंतु मेरा बहाना कुछ काम न आया। साथ ही मुझे पिताजी की डाँट खानी पड़ी।

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ( 2 Mark )** **[28]**

41. "मैया मैं नहिं माखन खायो" पाठ में 'मधुबन' और 'बंसीवट' के बारे में आप क्या जानते हैं?

**जवाब :** पाठ- " मैया मैं नहिं माखन खायो" में 'मधुबन' और 'बंसीवट' दोनों ही श्रीकृष्ण जी से संबंधित हैं। मधुबन वह स्थान है जहाँ श्रीकृष्ण ग्वाल-बालों के साथ बाल्यावस्था में गौओं को चराने प्रातः काल जाते थे तथा सांयकाल लौटते थे। बंसीवट बरगद का वह पेड़ है जिसके नीचे श्रीकृष्ण बंसी की मधुर धुन निकालते थे और सभी उनके प्रति आकर्षित हो जाते थे।

42. श्रीकृष्ण को किसने बहुत ही नाच नचाया अर्थात बहुत ही परेशान किया है? वे माता यशोदा से क्या कहते हैं?

**जवाब :** माता यशोदा ने श्रीकृष्ण को वन में गौएँ चराने हेतु लकुटि और कमरिया दी थी। श्रीकृष्ण जी माता यशोदा से कहते हैं कि ये लकुटि (लाठी) और कमरिया (कंबल) आप इन दोनों को वापस ले लो क्योंकि इन दोनों ने मुझे बहुत ही परेशान कर रखा है।

43. अब राजप्पा को कोई नहीं पूछता। आजकल सब-के-सब नागराजन को घेरे रहते।
'नागराजन घमंडी हो गया है,' राजप्पा सारे लड़कों में कहता फिरता, पर लड़के भला कहाँ उसकी बातों पर ध्यान देते! नागराजन के मामा जी ने सिंगापुर से एक अलबम भिजवाया था। वह लड़कों को दिखाया करता। सुबह पहली घंटी के बजने तक सभी लड़के नागराजन को घेरकर अलबम देखा करते।

**QUESTION:**

Q.1. नागराजन को लड़के क्यों घेरे रहते थे?
(A) उसके पास सुंदर खिलौने थे।
(B) उसके पास एक टिकट अलबम था।
(C) उसके पास चॉकलेट था।
(D) वह अच्छे-अच्छे चुटकुले सुनाता था।
Q.2. नागराजन के मामा कहाँ रहते थे?
(A) सिंगापुर (B) त्रिवेंद्रम (C) दुबई (D) इंग्लैंड

**जवाब :** 1. (B) उसके पास एक टिकट अलबम था।
2. (A) सिंगापुर

44. पर राजप्पा ने नागराजन के अलबम को देखने की इच्छा कभी नहीं प्रकट की, लेकिन जब दूसरे लड़के उसे देख रहे होते तो वह नीची आँखों से देख लेता। सचमुच नागराजन का अलबम बेहद प्यारा था, पर राजप्पा के पास जितने टिकट थे उतने नागराजन के अलबम में नहीं थे। पर खुद उसका अलबम भी कितना प्यारा था। उसे छू लेना ही कोई बड़ी बात थी। इस तरह का अलबम यहाँ थोड़ी मिलेगा।

**QUESTION:**

Q.1. राजप्पा नागराजन का अलबम क्यों नहीं देखना चाहता था?
(A) ईर्ष्यावश (B) प्रशंसावश (C) सामान्य रूप से (D) संकोच के कारण
Q.2. किसके अलबम में अधिक टिकट था?
(A) नागराजन के (B) राजप्पा के (C) दोनों के (D) किसी के नहीं

**जवाब :** 1. (A) ईर्ष्यावश


Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

2. (B) राजप्पा के

45. राजप्पा मन-ही-मन कुढ़ रहा था। स्कूल जाना अब खलने लगा था और लड़कों के सामने जाने में शर्म आने लगी। आमतौर पर शनिवार और रविवार को टिकट की खोज में लगा रहता, परंतु अब घर-घुसा हो गया था। दिन में कई बार अलबम को पलटता रहता। रात को लेट जाता। साहसा जाने क्या सोचकर उठता, ट्रंक खोलकर अलबम निकालता और एक बार पूरा देख जाता। उसे अलबम से चिढ़ होने लगी थी। उसे लगा, अलबम वाकई कूड़ा हो गया है।

**QUESTION:**

Q.1. राजप्पा क्यों कुढ़ रहा था?

(A) मित्रों द्वारा उसकी और उसके अलबम की उपेक्षा

(B) अलबम खो जाने के कारण।

(C) नागराजन द्वारा किया गया अपमान

(D) अलबम में अच्छे टिकट का न होना

Q.2. स्कूल जाना किसे खलने लगा?

(A) नागराजन को (B) राजप्पा को (C) अन्य लड़कों को (D) उपर्युक्त सभी को

**जवाब :** 1. (A) मित्रों द्वारा उसकी और उसके अलबम की उपेक्षा

2. (B) राजप्पा को

46. पर राजप्पा ने नागराजन के अलबम को देखने की इच्छा कभी नहीं प्रकट की, लेकिन जब दूसरे लड़के उसे देख रहे होते तो वह नीची आँखों से देख लेता। सचमुच नागराजन का अलबम बेहद प्यारा था, पर राजप्पा के पास जितने टिकट थे, उतने नागराजन के अलबम में नहीं थे, पर खुद उसका अलबम भी कितना प्यारा था। उसे छू लेना ही कोई बड़ी बात थी। इस तरह का अलबम यहाँ थोड़ी मिलेगा। अलबम के पहले पृष्ठ पर मोती जैसे-अक्षरों में उसके मामा ने लिख भेजा था- -ए. एम. नागराजन 'इस अलबम को चुराने वाला बेशर्म है। ऊपर लिखे नाम को कभी देखा है? यह अलबम मेरा है। जब तक घास हरी है और कमल लाल, सूरज जब तक पूर्व से उगे और पश्चिम में छिपे, उस अनंत काल तक के लिए यह अलबम मेरा ही रहेगा'।

**QUESTION:**

Q.1. राजप्पा ने नागराजन के अलबम को देखने की इच्छा क्यों प्रकट नहीं की?

(A) वह नागराजन को पसंद नहीं करता था।

(B) नागराजन एक घमंडी लड़का था।

(C) नागराजन के अलबम के प्रति उसके मन में ईर्ष्या थी।

(D) नागराजन ने राजप्पा को अलबम दिखाने से मना कर दिया था।

Q.2. नागराजन का अलबम कैसा था?

(A) बहुत अच्छा (B) बहुत खराब (C) बहुत टिकटों वाला (D) रद्दी

**जवाब :** 1. (C) नागराजन के अलबम के प्रति उसके मन में ईर्ष्या थी।

2. (A) बहुत अच्छा

47. सीढ़ियों के पास जाकर उसने एक बार झाँककर देखा, फिर जल्दी से दराज़ खोली। अलबम ऊपर ही रखा हुआ था। पहला पृष्ठ खोला। उन वाक्यों को उसने दोबारा पढ़ा। उसका दिल तेज़ी से धड़कने लगा। अलबम को झट कमीज़ के नीचे खोंस लिया और दराज़ बंद कर दिया। सीढ़ियाँ उतरकर घर की ओर भागा। घर जाकर सीधा पुस्तक की अलमारी के पास गया और पीछे की ओर अलबम छिपा दिया। उसने बाहर आकर झाँका। पूरा शरीर जैसे जलने लगा था। गला सूख रहा था और चेहरा तमतमाने लगा था।

**QUESTION:**

Q.1. दराज़ किसने खोली?



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(A) नागराजन ने (B) राजप्पा ने (C) कमाक्षी ने (D) किसी ने नहीं
Q.2. राजप्पा ने कौन सा पृष्ठ खोला?
(A) पहला (B) दूसरा (C) तीसरा (D) चौथा

**जवाब :** 1. (B) राजप्पा ने
2. (A) पहला

48. राजप्पा पिछवाड़े की ओर भागा। जल्दी से बाथरूम में घुसकर दरवाज़ा बंद कर लिया। अम्मा ने अँगीठी पर गरम पानी की देगची चढ़ा रखी थी। उसने अलबम को अँगीठी में डाल दिया। अलबम जलने लगा। कितने प्यारे टिकट थे। राजप्पा की आँखों में आँसू आ गए।
**QUESTION:**
Q.1. राजप्पा कहाँ से भागा?
(A) घर के आगे से (B) घर के पिछवाड़े से (C) घर के सामने से (D) गली से
Q.2. वह जल्दी से कहाँ घुस गया?
(A) घर में (B) दुकान में (C) बाथरूम में (D) स्कूल में

**जवाब :** 1. (B) घर के पिछवाड़े से
2. (C) बाथरूम में

49. अब राजप्पा को कोई नहीं पूछता। आजकल सब-के-सब नागराजन को घेरे रहते। 'नागराजन घमंडी हो गया है', राजप्पा सारे लड़कों में कहता फि रता। पर लड़के भला कहाँ उसकी बातों पर ध्यान देते! नागराजन के मामा जी ने सिंगापुर से एक अलबम भिजवाया था। वह लड़कों को दिखाया करता। सुबह पहली घंटी के बजने तक सभी लड़के नागराजन को घेरकर अलबम देखा करते।
**QUESTION:**
Q.1. आजकल नागराजन को लड़के घेरे रहते थे और क्यों?
Q.2. राजप्पा को कोई क्यों नहीं पूछता था?

**जवाब :** 1. आजकल लड़के नागराजन को घेरे रहते थे, क्योंकि उसके पास एक सुंदर अलबम था।
2. राजप्पा के अलबम से अधिक सुंदर अब नागराजन के पास था। इसलिए राजप्पा को कोई नहीं पूछता था।

50. अब राजप्पा को कोई नहीं पूछता। आजकल सब-के-सब नागराजन को घेरे रहते। 'नागराजन घमंडी हो गया है', राजप्पा सारे लड़कों में कहता फि रता। पर लड़के भला कहाँ उसकी बातों पर ध्यान देते! नागराजन के मामा जी ने सिंगापुर से एक अलबम भिजवाया था। वह लड़कों को दिखाया करता। सुबह पहली घंटी के बजने तक सभी लड़के नागराजन को घेरकर अलबम देखा करते।
**QUESTION:**
Q.1. नागराजन के पास अलबम कहाँ से आया था?
Q.2. राजप्पा नागराजन को घमंडी क्यों कहता फिरता?

**जवाब :** 1. नागराजन के पास अलबम सिंगापुर से आया था। इसे उसके मामा जी ने भिजवाया था।
2. नागराजन के अलबम को देखने के लिए सभी उसे घेरे रहते। उसके आसपास लड़कों का जमघट लगा रहता। इसलिए राजप्पा सबसे कहता था कि नागराजन घमंडी हो गया है।

51. अब राजप्पा के अलबम को कोई पूछने वाला नहीं था। वाकई उसकी शान अब घट गई थी। राजप्पा के अलबम की लड़कों में काफ़ी तारीफ़ रही थी। मधुमक्खी की तरह उसने एक-एक करके टिकट जमा किए थे। उसे तो बस एक यही धुन सवार थी। सुबह आठ बजे वह घर से निकल पड़ता। टिकट जमा करने वाले सारे लड़कों के चक्कर लगाता।


Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

QUESTION:
Q.1. गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।
Q.2. अब किसके अलबम की पूछ नहीं रह गई थी?

**जवाब :** 1. पाठ का नाम-टिकट अलबम, लेखक का नाम-सुंदरा रामस्वामी।
2. अब राजप्पा के अलबम की पूछ लड़कों में नहीं रह गई थी।

52. राजप्पा मन-ही-मन कुढ़ रहा था। स्कूल जाना अब खलने लगा था और लड़कों के सामने जाने में शर्म आने लगी। आमतौर पर शनिवार और रविवार को टिकट की खोज में लगा रहता, परंतु अब घर-घुसा हो गया था। दिन में कई बार अलबम को पलटता रहता। रात को लेट जाता। सहसा न जाने क्या सोचकर उठता, ट्रंक खोलकर अलबम निकालता और एक बार पूरा देख जाता। उसे अलबम से चिढ़ होने लगी थी। उसे लगा, अलबम वाकई कूड़ा हो गया है।
QUESTON:
Q.1. राजप्पा के कुढ़ने का क्या कारण था?
Q.2. कौन मन-ही-मन कुढ़ रहा था और क्यों?

**जवाब :** 1. राजप्पा के कुढ़ने का कारण साथियों द्वारा उसकी और उसके अलबम की उपेक्षा था।
2. राजप्पा मन-ही-मन कुढ़ रहा था, क्योंकि लड़के उसकी ओर ध्यान नहीं देते थे।

53. सीढ़ियों के पास जाकर उसने झाँककर देखा। फिर जल्दी से दराज़ खोली। अलबम ऊपर ही रखा हुआ था। पहला पृष्ठ खोला। उन वाक्यों को उसने दोबारा पढ़ा। उसका दिल तेज़ी से धड़कने लगा। अलबम को झट कमीज़ के नीचे खोंस लिया और दराज़ बंद कर दिया। सीढ़ियाँ उतरकर घर की ओर भागा।
QUESTION:
Q.1. पाठ और लेखक का नाम लिखिए।
Q.2. सीढ़ियों के पास जाकर किसने और क्यों झाँककर देखा?

**जवाब :** 1. पाठ का नाम-टिकट अलबम, लेखक का नाम-सुंदरा रामस्वामी।
2. सीढ़ियों के पास जाकर राजप्पा ने झाँका। उसने इसलिए झाँककर देखा कि कहीं कोई उसे देख तो नहीं रहा।

54. घर जाकर सीधा पुस्तक की अलमारी के पास गया और पीछे की ओर अलबम छिपा दिया। उसने बाहर आकर झाँका। पूरा शरीर जैसे जलने लगा था।
गला सूख रहा था और चेहरा तमतमाने लगा था। रात आठ बजे अपू आया। हाथ-पाँव हिलाकर उसने पूरी बात कह सुनाई।
"सुना। तुमने, नागराजन का अलबम खो गया। हम दोनों शहर गए हुए थे। लौटकर देखा तो अलबम गायब!"
QUESTION:
Q.1. राजप्पा कहाँ से आ रहा था?
Q.2. राजप्पा ने अलबम को छिपा क्यों दिया?

**जवाब :** 1. राजप्पा नागराजन के घर से उसका अलबम चुरा करके आ रहा था।
2. राजप्पा ने नागराजन का अलबम टिकट चुराने के लिए चुराया था।

*** प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए (1 Mark)** [4]

55. 'मैया मैं नहिं माखन खायो।' कौन किससे कह रहा है?

**जवाब :** श्रीकृष्ण माता यशोदा जी से कहते हैं कि- मैया मैंने माखन नहीं खाया है।

56. भोर होते ही कन्हैया कहाँ चले जाते हैं?

**जवाब :** भोर होते ही कन्हैया गौओं को चराने मधुबन चले जाते हैं।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

57. श्रीकृष्ण ने किसे अपना बैरी बताया है ?

**जवाब :** श्रीकृष्ण ने ग्वाल-बाल को अपना बैरी बताया है।

58. श्रीकृष्ण छींके पर न चढ़ने का कारण क्या बताते हैं?

**जवाब :** माँ यशोदा से कृष्ण कहते हैं कि मैं तो छोटा बालक हूँ मेरा हाथ तो छींके तक पहुँचता ही नहीं है।

* **पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छाँटकर लिखिए :** [20]

59. मैया मैं नहिं माखन खायो ।
भोर भयो गैयन के पाछे, मधुबन मोहि पठायो ।
चहर पहर बंसीतट भटक्यो, साँझ परे घर आयो ।।
मैं बालक बहियन को छोटो, छीको केहि बिधि पायो ।
ग्वाल-बाल सब बैर परे हैं, बरबस मुख लपटायो।।

प्रश्न 1.माखन न खाने की बात कौन किससे कहते हैं?
(क) श्रीकृष्ण अपनी माता यशोदा से।
(ख) श्रीकृष्ण ग्वाल-बालों से।
(ग) श्रीकृष्ण नंदबाबा से ।
(घ) श्रीकृष्ण गोपियों से ।

प्रश्न 2.श्रीकृष्ण माता यशोदा से अपनी सफ़ाई किस प्रकार देते हैं?
(क) मेरे छोटे-छोटे हाथ छींके तक नहीं पहुँचते ।
(ख) ग्वाल-बाल मेरे मुख पर माखन लगा देते हैं।
(ग) गोपियों ने लगा दिया।
(घ) 'क' और 'ख'।

प्रश्न 3.श्रीकृष्ण कितने पहर गाएँ चराते थे?
(क) चार पहर
(ख) दोपहर
(ग) तीन पहर
(घ) आठ पहर

प्रश्न 4.श्रीकृष्ण को गाएँ चराने कौन भेजता था ?
(क) उनकी माँ यशोदा ।
(ख) उनके पिता नंदबाबा ।
(ग) उनके मित्र जो सारा दिन उनके साथ बिताना चाहते थे।
(घ) श्रीकृष्ण को स्वयं ही गौएँ चराने का शौक था।

**जवाब :** 1.(क) श्रीकृष्ण अपनी माता यशोदा से।
2.(घ) 'क' और 'ख'।
3.(क) चार पहर
4.(क) उनकी माँ यशोदा ।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

60. तू माता मन की अति भोरी, इनके कहे पतियायो ।
जिय तेरे कछु भेद उपज हैं, जानि परायो जायो ।
ये ले अपनी लकुटि कमरिया, बहुतहिं नाच नचायो ।
सूरदास तब बिहँसि जसोदा, लै उर कंठ लगायो ।

प्रश्न 1.श्रीकृष्ण गौओं के पीछे कहाँ जाते हैं?
(क) रामबन
(ख) मधुबन
(ग) सुंदरबन
(घ) कोकिलाबन

प्रश्न 2.श्रीकृष्ण बंसीवट में कब तक भटकते हैं?
(क) चार पहर
(ख) दोपहर
(ग) एक पहर
(घ) तीन पहर

प्रश्न 3.श्रीकृष्ण को लकुटि कमरिया ( लाठी और कंबल) क्या करती है?
(क) हँसाती है
(ख) रुलाती है।
(ग) नचाती है
(घ) लुभाती है

प्रश्न 4.'उर' शब्द का क्या अर्थ है?
(क) मन
(ख) सिर
(ग) आत्मा
(घ) हृदय

**जवाब :** 1.(ख) मधुबन
2.(क) चार पहर
3.(ग) नचाती है
4.(घ) हृदय

61. मैया मैं नहि माखन खायो।
भोर भयो गैयन के पाछे, मधुलन मोहि पठायो।
'चार पहर बंसीवट भटक्यो, साँझ परे घर आयो।
मैं बालक बहियन को छोटो, छीको केहि बिधि पायो।
ग्वाल-बाल सब बैर परे हैं, बरबस मुख लपटायो।।

**QUESTION:**

Q.1. श्रीकृष्ण ने स्वयं को किस कारण माखन चोरी करने में असमर्थ बताया?
(A) वे वृदावन में थे (B) वे छोटे बालक हैं (C) वे सो रहे थे (D) वे गुरुदेव के आश्रम में थे
Q.2. माता यशोदा ने श्रीकृष्ण को मधुबन क्यों भेजा?

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(A) खेलने के लिए (B) माखन खाने के लिए (C) गायों को चराने के लिए (D) विश्राम करने के लिए

Q.3. श्रीकृष्ण ने अपने मुख पर माखन लगने का क्या कारण बताया?

(A) उन्होंने खुद लगाया।

(B) ग्वाल-बालों ने जबरदस्ती लगाया।

(C) गोपियों ने लगा दिया।

(D) माता यशोदा ने लगा दिया।

Q.4. 'बरबस' शब्द का क्या अर्थ है?

Q.5. 'चार पहर बंसीवट भटक्यो, साँझ परे घर आयो।' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

**जवाब :** 1. (B) वे छोटे बालक हैं

2. (C) गायों को चराने के लिए

3. (B) ग्वाल-बालों ने जबरदस्ती लगाया।

4. बरबस' शब्द का अर्थ है-जबरदस्ती या हठपूर्वक।

5. श्रीकृष्ण माता यशोदा से कहते हैं कि सुबह होते ही मुझे गायों के पीछे (अर्थात् गायों को चराने के लिए) मधुबन भेज दिया। ग्वाल-बाल व गायों के साथ चार पहर बंसीवट में भटकने (घूमने) के बाद शाम होने पर घर आया है। मैं माखन कैसे खा, सकता हैं?

62. तू माता मन की अति भोरी, इनके कहे पतियायो।
जिय तेरे कछु भेद उपजि हैं, जानि परायो जायो।।
ये ले अपनी लकुटि कमरिया, बहुतहिं नाच नचायो।
सूरदास तब बिहँसि जसोदा, लै उर कंठ लगायो।।

**QUESTION:**

Q.1. प्रस्तुत पंक्तियों में कवि सूरदास ने किसका वर्णन किया है?

(A) श्रीराम के वनवास गमन का

(B) श्रीकृष्ण की बाल-लीलाओं का

(C) शिव के बालपन का

(D) श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को गीता उपदेश देने का

Q.2. लकुटि कमरिया' का क्या अर्थ है?

(A) गहना (B) वस्त्र (C) लाठी और कंबल (D) बाँसुरी और मोरपंख

Q.3. श्रीकृष्ण को गले से किसने लगाया?

(A) राधा ने (B) यशोदा ने (C) देवकी ने (D) सुदामा ने

Q.3. 'पतियायो' शब्द का अर्थ क्या है?

Q.4. 'मन की अति भोरी' से क्या तात्पर्य है?

**जवाब :** 1. (B) श्रीकृष्ण की बाल-लीलाओं का

2. (C) लाठी और कंबल

3. (B) यशोदा ने

4. पतियायो' शब्द का अर्थ है-विश्वास किया या सच मान लिया।

5. मन की अति भोरी' से तात्पर्य है कि माता यशोदा मन की अत्यंत भोली हैं। श्रीकृष्ण अपनी माँ यशोदा को समझाते हुए कहते हैं कि माता तुम मन की बहुत भोली हो और दूसरों की बातों में शी्र ही आ जाती हो अर्थात् ग्वाल-बालों की बातों को तुमने सच मान लिया है। इस कारण तुम मुझ पर माखन चोरी का संदेह करने लग गई हो।

----- -----

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in